आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :419 पृष्ठ -4 दिनांक 05 मार्च 2025 दिन बुधवार

# केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए बनेगा रोपवे रोज 11,000 लोग कर सकेंगे आवागमन

## केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के लिए रोप वे प्रोजेक्ट की मंजूरी दे दी

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे का ऐलान किया गया है. यह फैसला केंद्रीय कैबिनेट ने किया है. केदारनाथ धाम की बात करें तो सोनप्रयाग से केदारनाथ तक रोपवे होगा. यह रोपवे 12.9 किलोमीटर का होगा. इसमें 4081 करोड़ रुपया खर्च आएगा. जानकारी के अनुसार बनाएगा.इस रोपवे के जरिए वर्तमान में 8–9 घंटे लगने वाली यात्रा अब केवल 36 मिनट में पूरी होगी. पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक और तेज कनेक्टि. विटी प्रदान करेगा. चारधाम यात्रा को बढ़ावा, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को बल मिलेगा.पूरे छह महीने तीर्थयात्रियों की आवाजाही बनी रहेगी, जिससे शुरुआती दो महीनों में संसाधनों पर अत्यधिक दबाव कम होगा. यात्रा सीजन में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी. वृद्धजन और दिव्यांगजन के लिए यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाएगा.केदारनाथ रोपवे परियोजना उत्तराखंड रोपवे अधिनियम, 2014 के तहत संचालित होगी, जो ला. इसेंसिंग, संचालन की निगरानी, सुरक्षा और किराया निर्धारण का कानूनी ढांचा प्रदान करता है.वहीं दूसरा प्रोजेक्ट हेमकुंड साहिब का है. इसकी लागत 2730 करोड़ होगी. इस प्रोजेक्ट से हेमकुंड साहिब और वैली ऑफ फ्लावर तक की यात्रा की जा सकेगी



.वर्तमान में हेमकुंड साहिब तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को गोविंदघाट से 21 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है. यह यात्रा पैदल, टट्टू या पालकी के माध्यम से पूरी की जाती है. रोपवे बनने के बाद यात्रा का समय 6–7 घंटे से घटकर मात्र 45 मिनट रह जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी. यह परियोजना हर मौसम में अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी, जिससे स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा गो. विंदघाट से घांघरिया (10.55 किमी) दृ मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला तकनीक पर आधारित होगा. घांघरिया से हेमकुंड साहिब (1.85 किमी) दृ ट्राइकेबल डिटैचेबल गा. ेंडोला तकनीक का उपयोग किया जाएगा. रोपवे की कुल यात्री वहन क्षमता 1,100 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा होगी और यह प्रति दिन लगभग 11,000 यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा. इससे श्रद्धालु कम समय में और अधिक आरामदायक यात्रा कर सक. ेंगे.केंद्र द्वारा दो परियोजनाओं की मंजूरी के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड को बधाई दी. उन्होंने लिखा– बधाई हो उत्तराखण्ड ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पर्वतमाला परियोजना के तहत 4,081.28 करोड़ की धनराशि से सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी) और 2,730.13 करोड़ की धनराशि से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने के लिए समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक आभार. यह परियोजनाएं तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी, जिससे यात्रा आसान और सुगम होगी. इससे यात्रा में लगने वाला समय भी बहुत कम होगा जिससे तीर्थयात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी.

## चाचा भतीजा पर वक्त गंवा रहे हो सीएम योगी के चच्चू कहने पर भड़के शिवपाल सिंह यादव

उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र, बुधवार 5 मार्च को खत्म हो गया. इस सत्र में भी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेता और जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव पर निशाना साधा. उन्हें चच्चू कह कर पुकारा. इतना ही नहीं सीएम ने यह भी दावा किया कि शिवपाल सिंह यादव, महाकुंभ जाना चाहते थे लेकिन उन्हें रोक दिया गया. अब इन सबको लेकर शिवपाल सिंह ने प्रतिक्रिया दी है. ऐसा नहीं है कि सीएम ने पहली बार शिवपाल पर तंज कसा है, लेकिन संभवतः शिवपाल ने पहली बार ऐसी प्रतिक्रिया दी है. शिवपाल सिंह यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कविता शेयर की. उन्होंने लिखा है कि चाचा भतीजा की बात कर के सीएम वक्त गंवा रहे हैं.शिवपाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा– विधानसभा मेंचाचा–चाचा' की गूंज दिन–रात,न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात!जनता देख रही ये खेल निराला,मुद्दों से भागने का अंदाज निराला!सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा,
पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा!चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे,
या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे?राम का नाम लेकर राज पा लिया,पर जनता को क्या असल इंसाफ दिला दिया?चाचा–भतीजा के पीछे वक्त गंवा रहे हो,मुद्दों पर बोलने से क्यों घबरा रहे हो?

## सपा विधायक पर भड़के सीएम . योगी, बोले–यहां भेजिए

समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी के श्औरंगजेबश की शान में कसीदे पढ़ने पर राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। महाराष्ट्र में हंगामा मचा है। राजद्रोह का मुकदमा और विधानसभा की सदस्यता खारिज करने की मांग जोर पकड़े है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे खुद कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। इसी बीच यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, औरंगजेब को आदर्श मानने वाले विधायक को यूपी भेज दीजिए। इलाज कर देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को विधान परिषद को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समा. जवादी पार्टी के नेताओं के लिए औरंगजेब गर्व का विषय है–जिसने अपने पिता को कैद करके, बूंद–बूंद पानी के लिए तरसा दिया था। उन्होंने आजमी का नाम लिए बगैर कहा कि उस नेता को पार्टी से निकाल देना चाहिए। वरना उसे यहां बुलाइए। हम उसका इलाज कर देंगे। यूपी में ऐसे लोगो का ठीक से इलाज होता है। ये लोग महाकुंभ को कोसते हैं और औ. रंगजेब पर गर्व करते हैं।अबू आसिम आजमी समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हैं। हाल ही में उन्होंने औरंगजेब के शासनकाल की तुलना करते हुए उनकी तारीफ की थी। जिस पर विवाद मचने के बाद आजमी ने अपने बयान के लिए माफी मांग ली। हालांकि फिर भी आक्रोश थमा नहीं है। महाराष्ट्र में सत्तापक्ष और उसके सहयोगी दल आजमी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़ गए हैं। उनके खिलाफ थाने में शिकायतें पहुंची हैं। महाराष्ट्र में भाजपा नेता अतुल भटकलकर ने आजमी पर राजद्रोह का केस दर्ज करने और बजट सत्र के लिए उन्हें सस्पेंड करने की मांग उठाई है। शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने भी आजमी के विरुद्ध कार्रवाई की आवाज उठाई है। सपा विधायक और महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने औरंगजेब के शासनकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उस वक्त भारत की सीमा अफगानिस्तान अझ्रैर बर्मा तक थी। अर्थव्यवस्था को लेकर दावा किया कि, सकल घरेलू उत्पाद 24 प्रतिशत हुआ करता था। औरंगजेब के दौर में ही भारत को सोने की चड़िया कहा जाता था। आजमी के इसी बयान को लेकर हंगामा बरपा है।

## यूपी में अंसल ग्रुप का पूरा मामला क्या है? कब हुई शुरुआत और कैसे फंसे करोड़ो रुपये

उत्तर प्रदेश में अंसल ग्रुप को लेकर सियासत तेज हो गई है. मंगलवार, 4 मार्च को यूपी विधानसभा के बजट सत्र में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में अंसल ग्रुप को लेकर बड़ा बयान दिया. सीएम योगी ने साफ कहा था कि– होम बायर्स के साथ धोखा हुआ. साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को लेकर कहा कि अंसल आपकी ही उपज थी. आज उसपर शिकंजा हमने कसा. सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि किसी होम बायर्स के साथ खिलवाड़ नहीं होगा.धोखाधड़ी करने वालों को उनकी सरकार पाताल से भी निकाल कर सजा देगी.दरअसल 3 मार्च को सीएम योगी ने हाउसिंग डिपार्टमेंट के साथ अहम बैठक की थी.सीएम योगी तक अंसल की तरफ से निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की शिकायत भी पहुंची थी.जिसपर सीएम योगी ने सख्त एक्शन लेते हुए थ्प्त् दर्ज कर कार. ंवाई करने का निर्देश दिया. सीएम योगी के निर्देश पर स्क। की तरफ से अंसल और उसके मालिकों के खिलाफ थ्प्त् भी दर्ज की गई है.अंसल पर निवेशकों से प्लॉट, फ्लैट और दुकानों के नाम पर निवेश करवाने के बाद साजिश के तहत दिवालिया घोषित करने का आरोप है. जिसके बाद हजारों निवेशकों के करोडों रुपए डूबने के हालात बन गए हैं.हालांकि इस पूरे मामले पर अब सियासी तनातनी शुरू हो गई है.अखिलेश यादव का आरोप है कि अंसल के प्रोजेक्ट पर बुलडोजर चलवाने की जगह बीजेपी उनके प्रोजेक्ट का उद्घाटन करती रही.वहीं बीजेपी ने भी पलटवार करते हुए अंसल को समाजवादी पार्टी की उपज बताया है.अखिलेश ने साधा निशानावहीं इस पूरे मामले अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर सीएम योगी पर निशाना साधा है.उन्होंने लिखा– अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जब लोग किसी और का नाम लेते हैं तो भूल जाते हैं कि उसी के नाम से बनी सिटी में स्थित मॉल और हॉस्पिटल का उन्होंने ही उद्घाटन किया था और उसी विशाल परिसर में बने एक नये होटल में ळ20 के मेहमान आपने ही ठहराए थे और वही वो जगह है जहाँ अरबों रुपए का सच्चा इंवेस्टमेंट आया. निवेशकों पर आरोप लगाकर हतोत्साहित करने से न तो निवेश का विकास होगा, न ही प्रदेश का. उप्र के



सभी समझदार लोग कह रहे हैं अगर सब गलत था तो आप वहाँ अपना बुलडोजर लेकर जाते, कैंची लेकर उद्घाटन करने क्यों पहुँच गये?अखिलेश ने लिखा– जनता कह रही है जब उसे ढूँढने पाताल लोक जाएं तो परतों में दबी उस गहरी वजह की भी खोज–खबर लेते आएं जो उनकी गद्दी को हिला रही है. उनके सत्ता से बेदखलहोने की जो चर्चाएं हर तरफ फैली हैं, ये उसीकी खीझ है. विस्थापन का डर ही उनके मुँह से ऊंची आवाज बनकर निकल रहा है. सफलता व्यक्ति को शांत, शालीन और शिष्ट बनाती है और विफलता वही जो दिख रहा है.उधर सीएम योगी के निर्देश के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण एक्शन में आ गया है. जिन जिलों में मामले हैं वहां थ्प्त् दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं. लखनऊ में स्क। और होम बायर्स की समीति तैयार करने का निर्देश दिया गया है. सीएम ने कहा है कि कोर्ट में अंसल के खिलाफ मजबूत सबूत पेश करें.लखनऊ के अलावा गाजियाबाद में भी अंसल ग्रुप पर केस दर्ज किया गया है. गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से केस दर्ज कराया गया है. दो डायरेक्टर, जनरल मैनेजर पर मुकदमा किया गया है. इन पर विकास कार्य नहीं करने का आरोप है.पूरा मामला क्या है? दरअसल अंसल ।च्प् दिवालिया घोषित हुआ. प्लॉट, फ्लैट, विला और प्लॉट में निवेश करता था. इसमें 3 हजार निवेशकों निवेशकों के हजारों करोड़ रुपए फंस गए अंसल पर निवेशकों का आरोप है कि वह साजिश के तहत दिवालिया घोषित हुआ. आरोप है कि अंसल ने लखनऊ में 250 करोड़ की जमीन बेची और 80 करोड़ के लिए दिवालिया घोषित हो गया. दावा है कि अंसल में 7000 नि. वेशकों का पैसा लगा हुआ है.बात अंसल के प्रोजेक्ट्स की करें तो लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी प्रोजेक्ट है जो 6,400 एकड़ में फैला है. यह प्रोजेक्ट जेवर एयरपोर्ट से दोगुना है.मामला अचानक से सुर्खियों में कैसे आया?बता दें मामला काफी दिनों से चल रहा था. 3 मार्च को जब अंसल के लोगों की एक मीटिंग होती है. अलग–अलग समय पर यह अंसल के लोग अपने हिसाब से कर रहे थे पर जब स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह जब उस मीटिंग में शिरकत करते हैं और उसके बाद वो मुख्यमंत्री से जब इस विषय पर बात करते हैं तब यह मामला हाईलाइट होता है क्योंकि उसी मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री भी अपने आवास पर एक बैठक करते हैं.जब सीएम इस पूरे प्रकरण से जुड़ी हुई एक–एक जानकारियां लेते हैं तो उनको पता चलता है कि करीबन 5,000 के करीब ऐसे बायर्स हैं जिनका हित इससे प्रभावित हो रहा है. करोड़ों रुपए यहां पर इन्वेस्ट किए गए हैं पर लोग को लगभग पिछले 10 से 15 साल से लोग परेशान हो रहे हैं. साल 2011 से लोगों ने यहां पर अपने पैसे इन्वेस्ट किए हैं और लोगों को यह उम्मीद थी कि जब वो रिटायरमेंट की तरफ बढ़ेंगे तब तक उनके पास अपना एक आशियाना होगा. हालांकि पिछले डेढ़ दशक में उनको ना उनको आशियाना मिल पाया ना उनको जमीन मिल पाई.बता दें कि साल 2005 में अंसल के इस प्रोजेक्ट की शुरुआत होती है. साल 2006 में परमिशन मिलती तब उस वक्त समा. जवादी पार्टी की सरकार थी. उसके बाद फिर साल 2007 में बीएसपी की गवर्नमेंट आई और ये फर्स्ट फेज उस दौरान कंप्लीट हुआ. साल 2011–12 के बीच में दूसरे फेज की शुरुआत होने की बात शुरू हुई. साल 2011 में सेकंड फेज के अना. उंसमेंट की बात हुई तब लोगों ने एडवर्टाइजमेंट देख कर निवेश किया. उस एडवर्टाइजमेंट के अनुसार एलडीए के साथ अंसल की एमओयू हुई थी. लोगों को विश्वास हुआ कि अंसल और एलडीए का एमओयू है तो उनका पैसा सही जगह पर जा रहा है लोगों ने साल 2010–11 से यहां इन्वेस्ट करना शुरू किया.सियासत भी शुरू जानकारी के अनुसार कई लोग ऐसे हैं जिनका 15 लाख से लेकर के 30 लाख 40 लाख तक यहां पर इन्वेस्ट है. इसके ज्यादा भी पैसे लोगों ने निवेश किए हैं. यह एक मिनिमम ऐसा अमाउंट है जो ला. ेगों ने इतना दिया ही है. उसके बाद जब लोगों को सिर्फ आश्वसान मिला. जमीनें नहीं. वहीं इस मामले में एलडीए का यह पक्ष है कि हमने एमओयू किया था पर हम उनसे कई चीजों को लेकर के एग्रीमेंट चाहते थे.एलडीए के अनुसार एसटीपी के लिए अंसल को जमीन खरीदनी थी और बाकी लैंड बैंक अंसल को खरीदना था. पर वो जब अलग–अलग चीजें नहीं खरीद रहे थे इस कारण हम उनको अप्रूवल नहीं दे पाए.इन सबके बीच अंसल मामले पर सियासत भी शुरू हो गई है. बीजेपी ने कहा है कि बायर्स के साथ न्याय होगा वहीं समाजवादी पार्टी ने पूछा कि
बुलडोजर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है?कांग्रेस ने भी सरकार पर सवाल उठाए और पूछा कि पहले एक्शन क्यों नहीं लिया?

## बदायूं जिले भर के वाहनों पर टैक्स का लगभग ढाई करोड़ रुपये बकाया

बदायूं। जिले भर के वाहनों पर टैक्स का लगभग ढाई करोड़ रुपये बकाया है। इसे जमा कराने के लिए परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को टैक्स जमा करने का मौका दिया था। तीन महीने के लिए एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) चलाई थी। इस दौरान टैक्स के तकरीबन 98 लाख 48 हजार रुपये जमा हुए, लेकिन बहुत से वाहन स्वामियों ने योजना को अनदेखा किया। इसके चलते विभाग की ओर से दो हजार लोगों को नोटिस जारी किए हैं। वहीं 500 वाहन चालकों से वसूली की तैयारी है।परिवहन विभाग ने छह नवंबर 2024 से पांच फरवरी तक योजना चलाई थी। इसका प्रचार प्रसार किया गया था। वाहन स्वामियों को सूचित किया गया था कि निर्धारित अवधि में टैक्स जमा करने पर जुर्माना नहीं लगेगा। निर्धारित अवधि में जिले के 497 वाहन स्वामियों ने लगभग 98 लाख 48 हजार रुपये टैक्स जमा किया, लेकिन तकरीबन दो हजार वाहन स्वामियों ने योजना को भी दरकिनार किया। योजना समाप्त होने के बाद इन वाहन स्वामियों को भी नोटिस जारी करके 15 दिनों के भीतर टैक्स जमा करने को कहा गया है। अब टैक्स के साथ जुर्माना भी जमा करना होगा। टैक्स जमा न करने पर प्रशासन के माध्यम से वाहन स्वामियों से टैक्स की वसूली की जाएगी। इसके अलावा योजना समाप्त होने के तुरंत बाद ही परिवहन विभाग ने नोटिस जारी किए थे। समय पूरा होने पर लगभग 500 वाहन स्वामियों से रिकवरी की तैयारी है। प्रशासन की ओर से तहसील स्तर के अधिकारियों को रिकवरी को निर्देशित किया गया है।पंजीकरण रद्द होने के बाद भी जमा नहीं किया टैक्सपरिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बिना जुर्माना के टैक्स जमा करने का पूरा मौका दिया था। अंतिम दिन एआरटीओ कार्यालय पर काउंटर तक लगाया गया था। विभागीय कर्मचारियों ने वाहन स्वामियों के घर जाकर जागरूक भी किया था। आखिरी दिन कार्यालय पर वाहन स्वामियों की भीड़ भी थी। इसमें लगभग 500 वाहन ऐसे थे जिनका पंजीकरण रद्द होने के बाद भी टैक्स जमा नहीं किया। इसके चलते उनपर रिकवरी की तैयारी है।एआरटीओ प्रशासन रामवचन गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर एक मुश्त समाधान योजना चलाई गई थी। इसमें वाहन स्वामियों ने 98.48 लाख रुपये टैक्स जमा हुआ था। कई वाहन स्वामियों ने इस योजना का लाभ नहीं लिया। इसके चलते उन्हें नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही लगभग 500 वाहन स्वामियों से रिकवरी की कार्रवाई होगी।

# वाहन बचाने के चक्कर में बाइक गड्ढे में गिरी, रोजगार सेवक की मौत,परिवार में छाया मातम

वाहन से बचने के चक्कर में बाइक गड्ढे में गिर गई। बाइक सवार रोजगार सेवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आगरा, फिर वहां से दिल्ली ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई |बाइक सवार रोजगार सेवक हाथरस से गांव लौट रहे थे। वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक उसके साइड से टकराकर गड्ढे में जा गिरी। जिससे बाइक सवार रा. `जगार सेवक गंभीर घायल हो गया। उन्हें आगरा रेफर किया गया,वहां से दिल्ली ले जाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई |45 वर्षीय बृजेश कुमार सहपऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत सल्हैपुर चंदवारा में रा. `जगार सेवक बतौर कार्यरत थे। हाथरस से लौटते समय गांव के नजदीक ही एक नाले का पुल पार करते समय सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में उसको साइड से टक्कर मार दी । टक्कर लगने से बृजेश कुमार बाइक सहित सड़क के किनारे बने गड्ढे में गिर गए। परिजन बृजेश कुमार को घायल अवस्था में आगरा, वहां से दिल्ली ले गए थे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे उनके घर में मातम छा गया। मृतक की बड़ी पुत्री की गर्मियों में शादी होने वाली थी। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्र,दो पुत्रियों को रोते–बिलखते छोड़ गया। देर रात गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## हाथरस में फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य खाटू श्याम शोभायात्रा का आयोजन किया



हाथरस में फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य खाटू श्याम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सादाबाद गेट स्थित अंगूमल धर्मशाला से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन किया। यात्रा में शामिल कई आकर्षक झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा |कलाकारों ने अपने विभिन्न करतब दिखाए। यात्रा का मार्ग सादाबाद गेट से शुरू होकर चुनाव वाला डंडा और चामड़ गेट से होता हुआ विभिन्न बाजारों से गुजरा। यात्रा का समापन अलीगढ़ रोड स्थित श्याम प्रेस कंपाउंड में खाटू श्याम मंदिर पर हुआ। रास्ते में जगह–जगह पुष्प वर्षा और पूजा–अर्चना के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया |इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। शोभायात्रा के साथ पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। शोभायात्रा से पहले महा अभिषेक और पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाल्गुन महोत्सव के तहत अगले दिन भजन संध्या सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

## हाथरस में ग्राम पंचायत वसई बावस और कलूपुर के ग्रामीण ने चकबंदी का विरोध किया

हाथरस में ग्राम पंचायत वसई बावस और कलूपुर के ग्रामीण ने चकबंदी का विरोध किया है। राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज धवरैय्या के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया। किसानों का आरोप है कि गांव में बिना उनकी इच्छा के भ्रष्टाचार के तहत चकबंदी की जा रही है |उनका कहना है कि इससे गांव में विवाद बढ़ रहा है। पहले भी सवर्ण एकता परिषद के माध्यम से किसानों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था और तब किसानों ने धरना देकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। आज इसी के तहत किसानों ने धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां ली हुई थीं |उन्होंने नारेबाजी की और भजन भी गाए। किसानों का कहना है कि नए चक बनाने से गांवों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इसमें अनियमितता बरती जा रही है।.. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान किया है। वे तब तक धरने पर बैठे रहेंगे, जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जातीं।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में बरेली–मथुरा नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा हुआ

हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में बरेली–मथुरा नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा हुआ। अगसोली चौराहे के पास दाल से भरे ट्रक और डंपर की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में डंपर चालक 35 वर्षीय हरिओम पुरी निवासी शमशाबाद आगरा की मौके पर ही मौत हो गई |दुर्घटना में एक वाहन चालक घायल हो गया। उसे पहले सिकंद्राराऊ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाद में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया |टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक भी घायल हो गया। दाल से भरा ट्रक कासगंज की तरफ जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया |पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटवाया गया। यातायात बहाल कराया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

## हाथरस के सादाबाद में आज एक गंभीर मामला सामने आया

हाथरस के सादाबाद में आज एक गंभीर मामला सामने आया। विद्या देवी कोल्ड स्टोरेज पर भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के कार्यकर्ता संदीप कुमार के साथ मारपीट की गई |संदीप अपनी 2 वर्षीय बेटी और छोटे भाई के साथ आलू के बारदाना खरीदने गए थे। कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर ने उन्हें पकड़कर गाड़ी में बिठाया और कोल्ड स्टोर में ले जाकर बंद कर दिया। मैनेजर और उसके नौकरों ने संदीप की पिटाई की और संदीप ने उन पर उसका मोबाइल भी छीनने का आरोप लगायाघटना की जानकारी मिलते ही भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष पवन समादिया और राष्ट्रीय सचिव राजकुमार कालू चौधरी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज पर धरना–प्रदर्शन किया |पीड़ित कार्यकर्ता का आरोप है कि 2022 में कोल्ड स्टोर के मालिक ने उनके 200 आलू के कट्टे बिना बताए बेच दिए। अब तक उसका हिसाब नहीं किया गया। वहीं कोल्ड स्टोरेज मालिक ने मारपीट की बात से इनकार किया है |स्थिति को देखते हुए नायब तहसीलदार अशोक कुमार गुप्ता, एसडीएम संजय कुमार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राघव मौके पर पहुंच गए हैं।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा–बरेली मार्ग पर रामपुर गांव के पास एक ट्रक सड़क किनारे चाय की दुकान में जा घुसा

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा–बरेली मार्ग पर रामपुर गांव के पास एक ट्रक सड़क किनारे चाय की दुकान में जा घुसा। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि घटना सुबह करीब छह बजे हुई |हाथरस (उत्तर प्रदेश) । हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा–बरेली मार्ग पर रामपुर गांव के पास एक ट्रक सड़क किनारे चाय की दुकान में जा घुसा। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि घटना सुबह करीब छह बजे हुई। सिकंदराराऊ की ओर जा रहा ट्रक बेकाबू होकर पहले चाय की दुकान में घुसा और फिर पास के एक घर से जा टकराया |इस घटना में लोकेश (28) नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। वह अपनी गाड़ी खड़ी करके दुकान पर चाय पी रहा था। तभी ट्रक ने दुकान में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में सोबरन सिंह (30) नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। सिंह ने बताया कि पुलिस ने लोकेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चंद्रवती देवी अपनी बेटी व बेटो के साथ मिलकर कर रही मेरा शोषण पति ताराचंद्र



हाथरस। जनपद के कस्बा सादाबाद के एक मोहल्ला निवासी पति अपनी पत्नी व बेटी ओर बेटो के उत्पीड़न से बहुत परेशान हैं। उक्त महिला अपनी बेटी को लेकर मोहल्ले के तमाम सामाजिक लोगों पर गलत आरोप लगाकर आए झूठा मुकदमा दर्ज कराती आई है। वही आपको बता से की महिला के आतंक से मोहल्ला के निवासी ही नहीं उनके पति और आसपास के लोग बहुत भयभीत हैं। मिली जानकारी के अनुसार जनपद हाथरस के कस्बा सादाबाद में विगत सालों से एक पति पत्नी का मामला सुखियों में छाया हुआ। मामला कस्बा के कश्यव नगर का है । जिसमें पति ताराचंद्र की पत्नी चंद्रवती ने अपनी बेटी ओर बेटो व अज्ञात लोगों को साथ लेकर आए दिन मारपीट करती रहती थी। जिसकी जानकारी पीड़ित पति ताराचंद्र ने समय समय पर इलाका पुलिस को अवगत कराया। जिसके बाद उक्त महिला चंद्रवती ने बेटी के तहत अपने पति और मोहल्ले के सामाजिक लोगों पर झूठा आरोप लगाया। जिसकी जांच अभी भी जारी है वही अब उक्त महिला आए दिन गलत कार्यों में फसाने और अन्य तरह तरह की धमकियां दिलवा रही हैं। जिससे समाज के अन्य लोग भयभीत हैं। वही बता दे कि कस्बे के मोहल्ला कश्यव नगर में सामाजिक लोगों का निवास है। जिसमें उक्त महिला चंद्रवती अपनी बेटी को लेकर यह कृत्य करती है। जो गलत है इसको तत्काल रुकवाया जाए। यह सब मोहल्ले के लोग जिला प्रशासन से मांग करते हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने महाकुम्भ के त्रिवेणी संगम प्रयागराज से फायर टैंकर में भरकर लाये गये अमृत जल का कार्यक्रम आयोजित कर आमजन में पवित्र गंगाजल का किया वितरण

हाथरस। मुख्यमंत्री उ0प्र0, लखनऊ योगी आदित्यनाथ के अपेक्षानुसार एवं अपर महा. निदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उ०प्र०, श्रीमती पद्मजा चौहान के निर्देशन में महाकुम्भ की समाप्ति के उपरान्त समूचे उत्तर प्रदेश में अग्निशमन विभाग द्वारा त्रिवेणी संगम का पवित्र गंगाजल निःशुल्क वितरित कराया जा रहा है । महाकुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई अग्निशमन विभाग की गाड़ियां जब अपने अपने जिले के लिए लौटने लगी तो इसमें त्रिवेणी संगम का अमृत जल भरकर प्रत्येक शहर में लाया जा रहा है । जनपद से महाकुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई फायर ब्रिगेड की गाड़ी द्वारा भी वापस लौटते समय उसमें त्रिवेणी संगम का अमृत जल भरकर लाया गया । जिसके क्रम में 5 मार्च को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा शहर क्षेत्र में त्रिवेणी संगम के पवित्र गंगाजल का श्रद्धालुओंध्आमजन में वितरण किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज. कुमार बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर आदि अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे । पुलिस अधीक्षक द्वारा पवित्र गंगाजल वितरण कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम संगम से आये गंगाजल का पूजन किया गया तथा पुष्प अर्पित कर सभी ला. `गों ने अमृत जल के प्रति सम्मान प्रकट किया। त्रिवेणी संगम के अमृत जल को उन श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया जो महाकुंभ के दौरान किसी कारणवश संगम



में डूबकी लगाने से वंचित रह गए थे । पूजा के पश्चात पुलिस परिवार के लोग, जो ड्यूटी के कारण महाकुम्भ नहीं जा सके थे, उन सभी का परिवार तथा बड़े संख्या में आसपास में रह रहे आम श्रद्धालु उपस्थित होकर, कतारबद्ध तरीके सभी ला. `गों ने गंगाजल प्राप्त किया। सैकड़ों श्रद्धालु द्वारा उत्साह के साथ स्वच्छ पात्र में गंगा जल लिया गया एवं इस व्यवस्था के साथ शासन प्रशासन का सराहना की गई ।

## यूपी के इस शहर का रंग गुलाल, 90 साल से धूम, फूलों से बना बिना केमिकल का हर्बल गुलाल

हाथरस में गुलाल बनाने का कारोबार 90 साल पुराना है. रंग–गुलाल फिल्म इंडस्ट्री से लेकर विदेश तक पहुंचता है. जिले में रंग–गुलाल बनाने वाली 25 से ज्यादा फैक्ट्रियां हैं. होली के कई महीने पहले से ही यहां उत्पादन शुरू हो जाता है.गुलाब बनाने के लगभग 20 फैक्ट्रियां हैं. इनमें बड़े पैमाने पर रंग, स्प्रे और हर्बल गुलाल और कलर बनाए जाते हैं. हर साल हाथरस के यह फैक्ट्री मालिक सिर्फ गुलाल बेचकर 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई करते हैं. यहां गुलाल के कारोबार से 30 करोड़ रुपए सालाना बिजनेस होता है. रंग के इस कारोबार में 5 हजार लोग जुड़े हुए हैं. हाथरस में आज से नहीं बल्कि सदियों से गुलाल तैयार किया जा रहा है. यही वजह है कि यहां के रंगों की क्वालिटी सबसे बे. हतरीन होती है. हर्बल तरीके से तैयार होने के कारण आपकी स्किन के लिए कोई नुकसान नहीं है.यहां के गुलाल की सप्लाई होली से कई महीने पहले ही देशभर में शुरू हो जाती है.हाथरस के गुलाल से ही खेली जाती है ब्रज की फेमस होली यहां बनने वाले रंग और गुलाल की देश के अलावा विदेशों में भी बड़ी डिमांड होती है. यूपी के ब्रज की फेमस होली भी हाथरस के गुलाल से ही खेली जाती है. होली के दौरान हाथरस के इन 20 फैक्ट्रियों के पास पूरे देश से गुलाल की भारी डिमांड रहती है. इस डिमांड को पूरा करने के लिए कई बार फैक्ट्रियों के मालिक कारखानों को 2 शिफ्टों में चलाते हैं. हालांकि, गुलाल बनाने के लिए जिन चीजों की जरूरत होती है



वह सब कुछ हाथरस में ही नहीं बनता. इसके लिए जो कच्चा माल चाहिए होता है वह दिल्ली, अहमदाबाद, सोनीपत, पानीपत जैसी जगहों से मंगाया जाता है. बता दें गुलाल बनाने के लिए उसमें स्टार्च

# कासगंज : 11 माह में 24 नमूने फेल...एक बार फिर होली से पहले मिलावट खोरों पर नकेल

कासगंज :होली के त्योहार पर घर–घर व्यंजन बनाए जाते हैं। जिसमें सबसे अधिक इस्तेमाल होता है, खोया की अधिक बिक्री को लेकर मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। चंद पैसों की खातिर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसलिए जरा सोच समझ कर पूरी जांच के बाद ही दूध या खोवा खरीदें। जिले में बीते पिछले 11 माह में जिला खाद्य एवं औषधि विभाग ने जो दूध और मिठाई के नमूने लिए उनमें 24 फेल हुए थे।पशुपालन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनपद में प्रतिदिन तीन लाख से साढ़े तीन लाख लीटर दूध का उत्पाद होता है। इनमें से 2 लाख लीटर दूध नोवा, कानपुर, नोएडा की बड़ी–बड़ी डेयरियों में चला जाता है। ऐसे में जनपद वासियों के लिए डेढ़ लाख लीटर दूध लगभग जनपद वासियों के लिए रह जाता है। जिसमें मिठाई, खोवा, पनीर और लोगों के पीने के लिए रह जाता है, जोकि पर्याप्त नहीं है। इससे स्पष्ट है कि जनपद में आम दिनों में भी दूध में मिलावट का खेल होता है। होली के त्योहार पर भी दूध की पांच गुना बिक्री अधिक हो जाती है। खोवा के अधिक मांग को लेकर व्यापारी बड़ी मात्रा में दूध खरीद कर खोवा तैयार करवाते हैं। ऐसे में यह निश्चित है कि दूध की कीमत के बीच मुनाफाखोर को दूध और खोवा में मिलावट का खेल खेलते होंगे। दूध में पानी चीनी यूरिया और डिटर्जेंट की मिलावट की जाती है। चीनी मिलाने से दूध का घनत्व बढ़ जाता है। दूध में ठोस मात्रा में बढ़ाने के लिए स्टार्च की मिलावट की जाती है। यूरिया डिटर्जेंट भी मिलाया जाता है। मिलावटी और नकली सिंथेटिक दूध बनाने में घटिया दूध पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है। पाउडर को पानी में घोला जाता है। स्किम्ड मिल्क होने के कारण दूध में फैट नहीं होता है। फैट लाने के लिए रिफाइंड मिलाया जाता है।जिले में साढ़े तीन लाख लीटर दूध का उत्पादन है, जो आम दिनों में पर्याप्त नहीं होता। ऐसे में होली पर दूध की मांग 5 गुना बढ़ जाने से इसकी खपत को पूरा करना मिलावट एवं सिंथेटिक दूध के बाजार में होना सिद्ध करता है। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के आंकड़े जाहिर करते हैं कि जनपद में मिलावटी सिंथेटिक दूध की सप्लाई हो रही है। विभाग ने बीते 11 माह में जनपद में दूध खाया और पनीर, मिष्ठान के करीब 218 नमूने लिए थे। जांच के दौरान 24 नमूने फेल निकले । इससे सिद्ध होता है कि मिलावटी और सिंथेटिक दूध बाजार में बिक रहा है। इनमें अधिकतर दूध पनीर और खोया के सैंपल डेयरी संचालकों गांव–गांव मोटरसाइकिल पर दूध बेचने वालों के फेल पाए गए हैं। इसमें पानी की मिलावट या फिर उसमें क्रीम निकलने के मामले सामने आए हैं। जिला खाद एवं औषधि विभाग द्वारा एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक 777 स्थानों का निरीक्षण किया गया। 192 स्थानों पर छापेमारी की गई। 218 नमूनें संग्रहित किए गए। 168 नमूनों की जांच प्राप्त हुई। 51 नमूने अधोमानक, 24 नमूने असुरक्षित पाए गए। एओ कोर्ट में 82 मुकदमें के वाद दायर किए गए, जबकि 32 मामले में न्यायिक न्यायालय में दायर किए गए हैं। एओ कोर्ट ने 1002700 लाख रूपये का अर्थदंड न्यायालय द्वारा 601000 अर्थदंड को वसूल किया गया है। चार व्यक्तियों को चार साल पांच माह की और दो व्यक्तियों को तीन–तीन साल की सजा हुई है।

सहायक आयुक्त खाद्य विभाग सुनील कुमार ने बताया कि त्योहारों पर मिलावट खोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाता है। इस बार भी अभियान चलाया जा रहा है। खोवा, मिष्ठान बनाने वाले के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

## कासगंज: पछुआ हवाओं ने बढ़ाई गेहूं के किसानों के माथे पर चिंता

कासगंज : बारिश के बाद हुए नुकसान से किसान पहले ही परेशान थे। लेकिन पछुआ हवाएं किसानों की चिंताएं बढ़ाए हुए हैं। पिछले दिनों ओलावृष्टि, बारिश और तेज हवाओं से किसानों की फसलों को खासा नुकसान हुआ था। अब पछुआ हवाएं तेजी से चल रही हैं। जिससे किसानों को गेहूं की पैदावार में कमी होने की आशंका सता रही है।जनपद में लगभग 95 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल की बुवाई की गई। फसल भी बहुत अच्छी हुई। किसानें को फसल से खासी उम्मीदें थीं। लेकिन मार्च के शुरू में ही ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवाओं ने गेहूं की फसलों को खेतों में बिछा दिया। गिरी हुई गेहूं की फसल और खेतों में जलभराव से हुए नुकसान से किसान परेशान था। राजस्व विभाग के आंकड़ों के अनुसार लगभग 3256 हेक्टेयर गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। लेकिन दो दिनों से तेज पछुआ हवाएं चल रही हैं। जिससे फसलों के कम उत्पादन की आशंका बनी हुई है।किसान प्रहलाद ने बताया कि पहले ही ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को खासा नुकसान हो चुका है। अब पछुआ हवाएं किसानों की चिताएं बढ़ा रही हैं। इससे फसल की पैदावार में कमी आने की आशंका है। किसान रामपाल के मुताबिक पछुआ हवाओं के कारण गेहूं की फसल जल्दी पक सकती है। दाना कमजोर हुआ तो फसल के दाम भी अच्छे नहीं मिलेगे। पैदावार को लेकर आशंकाएं सता रही हैं। जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्र ने बताया कि खेतों में पछुआ हवाएं गेहूं की फसल के लिए ठीक नहीं हैं। इससे फसले जल्दी पक जाएंगी और गेहूं की फसल का दाना भी कमजोर रहेगा। किसान क्षति होने की सूचना बीमा कंपनी हो 72 घंटे के अंदर दें, जिससे सर्वे कराकर फसल का मुआवजा मिलने में परेशानी न हो।


## भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की

कासगंज के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र में भीम आर्मी जय भीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल ने बुधवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने नगला हंसी गांव में दलित किशोरी की हत्या मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।घटना सोमवार की है, जब 12 वर्षीय किशोरी संगम का शव उसके घर में मिला था। आरोपी उसकी बहन को भी अगवाकर ले गए थे। पीड़ित परिवार ने 9 लोगों के खिलाफ एक बेटी की हत्या और दूसरी के अपहरण का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया है।भीम आर्मी जय भीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल ने बुधवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की।भीम आर्मी प्रमुख ने पुलिस प्रशासन पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने शेष आरोपियों की तत्काल



गिरफ्तारी की मांग की। मृतक किशोरी की मां ने सीओ पटियाली राजकुमार पांडेय और थाना सिकंदरपुर वैश्य के इंस्पेक्टर ब्रजपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस अधिकारियों ने मारपीट कर आरोपियों के पक्ष में बयान दिलवाया।पीड़ित परिवार ने घटना की जांच दूसरे सर्किल के सीओ से कराने की मांग की है। भीम आर्मी प्रमुख ने जिले में दलितों पर हो रहे अत्याचार को रोकने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## कासगंज जिले में आदमखोर कुत्तो के आतंक से ग्रामीण भयभीत



कासगंज जिले में आदमखोर कुत्तो के आतंक से ग्रामीण भयभीत है। तीन दिन में छह वर्षीय बच्चे की नोंच–नोंच कर जान ले ली, जबकि एक ग्रामीण सहित दो किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगातार हिंसक हो रहे कुत्तों से ग्रामीण दहशत में है। उन्होंने जिला प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है।अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव तोड़लपुर में मंगलवार की शाम छह बजे 16 वर्षीय लक्ष्मी पुत्री रामसिंह और उसकी चचेरी बहन 17 वर्षीय अर्चना पुत्री तेज सिंह दोनों गांव के बाहर कंडे लेने के लिए जा रही थी, तभी आदम खोर कुत्तों ने जानलेवा हमला कर दिया। किशोरियां की चीखपुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बमुश्किल दो किशोरियों को बचाया। दोनों किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं बुधवार की सुबह आठ बजे के लगभग कुत्तों ने इसी गांव निवासी 45 वर्षीय सोवरन सिंह पुत्र लालाराम पर हमला बोल दिया। वह भी बुरी तरह से घायल हो गए। सोवरन सिंह ने बताया कि वह सुबह उठकर खेत पर जा रहे थे, तभी कुत्तों ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें भी परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उधर आदमखोर के कुत्तो के आतंक से ग्रामीण दहशतजदा हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आदमखोर कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर इन कुत्तों को समय रहते काबू में नहीं किया गया, तो कुत्ते किसी ओर की भी जान ले सकते हैं। तीन दिन पहले सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला वभूति निवासी कुलदीप के छह वर्षीय बेटी संध्या को कुत्तों ने घेर कर हमला बोल दिया था। बच्ची की नोंच नोंच कर जान ली। संध्या घर में एकलौती बेटी थी। घटना को लेकर उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उस वक्त भी ग्रामीणों ने आदमखोर कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। सीवीओ डॉ. विजयवीर चंद्रयान ने बताया कि आवारा कुत्तों को मीट या फिर कोई ऐसी चीजें न डालें। जिससे वह उसके आदी न हो जाएं। ऐसे में वह कुत्ते हिसंक होकर कमजोर लोगों को अपना निवाला बनाने की कोशिश करते हैं।

## यूपी के इस जिले की जमीन से फूटेगा पेट्रोल–डीजल का फव्वारा! तेल भंडार से जमीन बनेगी सोना

यूपी के एटा जिले में पेट्रोलियम का भंडार के संकेत मिलने पर खुदाई का काम किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि तेल जिले के कई गांवों में जमीन के अंदर पेट्रोलियम का भंडार की आशंका व्यक्त की गई है. ओएनजीसी की टीम ने यहां डेरा जमाया है. इन इलाकों में खुदाई का काम हो रहा है.ओएनजीसी की टीम एटा में पेट्रोलियम पदार्थ की खोज कर रही है. डीजल,पेट्रोल और गैस का बड़ा गैस स्रोत मिल सकता है. डीजल और गैस श्रोत मिलने से जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश की भी तस्वीर बदल सकती है. साथ ही देश की ऊर्जा क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा. पेट्रोल,डीजल और गैस की खोज जारी है. व्छळ८ की टीम ड्रिलिंग करने में जुटी है. स्थानीय लोगों ने बताया कि ओएनजीसी की टीम इलाके में सर्वे कर रही है.ओएनजीसी की टीम ने तेल का भंडार होने पर खुदाई का काम शुरू किया है. अफसरों की मौजूदगी में ड्रिल मशीन से तहसील जलेसर के गोपालपुर गांव में व्छळ८ की खुदाई जारी है. इसके अलावा रसीदपुर, सोनामई समेत कई जगहों पर भी ड्रिलिंग की जा रही है. बताया कि डीजल और पेट्रोल का सर्वे किया गया है. जमीन के अंदर कुछ अंश पेट्रोलियम पदार्थ होने की संभावना जताई गई है. यहां संभावित क्षेत्र में जमीन की जांच की जा रही है.एक अधिकारी ने बताया कि अभी परीक्षण जारी है, अगर तेल का भंडार मिला तो यह पूरे भारत के लिए बड़ी उपलब्धि होगी. अगर सर्वेक्षण के नतीजे सकारात्मक आते हैं, तो यह न केवल एटा बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक खोज साबित होगी.बदायूं में भी हुई थी खोजइससे पहले बदायूं जिले के उघैती इलाके के टिटौली गांव में भी कच्चे तेल के भंडार की संभावनाओं के चलते इंडिया कंपनी ने यहां सर्वे किया था. जीपीएस और सैटेलाइट सिस्टम की मदद से जिले के अलग अलग हिस्सों में बोरिंग कर जमीन की गहराई से पानी और मिट्टी के सैंपर लिए थे, जिससे पता चल सके कि यहां कच्चे तेल का भंडारण है या नहीं.

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

## सदर कोतवाली इलाके के गांव नगला समस के जंगल में एक नवजात पड़ा हुआ मिला

कासगंज सदर कोतवाली इलाके के गांव नगला समस के जंगल में एक नवजात पड़ा हुआ मिला है। बच्चे को आवारा कुत्ते अपना निवाला बना रहे थे। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कुत्तों से बचाकर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने परीक्षण के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बच्चे के शव को पा.`स्टमार्टम गृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस बच्चे की मां की तलाश कर रही है।सदर कोतवाली क्षेत्र के नगला समस के जंगल में मंगलवार की शाम सात बजे के लगभग नवजात बच्चा पड़ा हुआ था। उसे कुत्ते नोंच रहे थे। बच्चे



की रोने की आवाज और कुत्तो की भीड़ को देखकर लोग बाजार से काम कर लौट रहे ग्रामीण मानपाल एंव अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। कुत्तो को हटाकर बच्चे को उठा लिया। कुत्तो ने बच्चे को नोंच नोंच कर घायल कर दिया था। ग्रामीण बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सको ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाल लोकेश भाटी ने बच्चे के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम गृह में शिनाख्त कराने के लिए 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। जंगल में बच्चा पड़ा होने को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं थी। कोई ग्रामीण बच्चे को अनलिगल बता रहा था, कोई बता रहा था कहीं कुत्ते बच्चे को उठाकर तो नहीं ले आए हैं। फिलहाल कोतवाली पुलिस बच्चे की मां की तलाश कर रही है। सदर कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया अज्ञात नवजात शिशु के शव की शिनाख्त की जा रही है। यह नवजात किसका है और यहां कैसे आया। इस मामले का पता लगाया जा रहा है। 72 घंटे के लिए बच्चे के शव कोपोस्टमार्टम गृह पर सुरक्षित रखवा दिया गया है।